THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE AND THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI MOTI LAL VORA): (a) Yes, Sir. Government has seen the press report issued by Indian Dental Association about alleged harmful effects of Pan Masala.

(b) As per expert opinion, there are inadequate epidemiological studies on this aspect and hence it is very difficult to categorically state that consumption of Pan Masala is injurious to health.

140/139 गंगा–कावेरी ट्रेन को दैनिक ट्रेन में बदला जाना

1833. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मार्च, 1988 में कोई ऐसा अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसमें मांग की गयी है कि 140/139 गंगा-कावेरी (वाराणसी-मद्रास एक्सप्रेस) ट्रेन को एक दैनिक ट्रेन बना दिया जाए तथा 944/943 पटना-मद्रास एक्सप्रेस को इलाहाबाद होकर चलाया जाए, और

(ख) इस मामले में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है तथा इस मांग को कब तक स्वीकार कर लिये जाने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी हां।

(ख) संसाधनों की कमी के कारण गंगा-कावेरी एक्सप्रेस को दैनिक गाड़ी में बदलना व्यावहारिक नहीं है। परिचालनिक कठिनाइयों के कारण पटना-मद्रास एक्सप्रेस को इलाहाबाद होकर चलाना भी व्यावहारिक नहीं है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण

1834. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की योजना तैयार करने का कार्य किसी जापानी परामर्शदाता कम्पनी को सौंपा गया है ; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस कार्य को किसी जापानी परामर्शदाता को ही सौंपने के क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) और (ख) जापानी रेलों पर उपलब्ध विशेषज्ञता को देखते हुए भारतीय रेलवे ने जापान सरकार से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए विकास योजना का अध्ययन करने का प्रस्ताव किया है ;

तदनुसार, जापान इंटरनेशनल कार्पोरेशन एजेंसी (जीका) अध्ययन करने के लिए सहमत हो गयी है।

उत्तर प्रदेश में रेलवे के ऊपरी पुल

1835. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश में बनाए गए रेलवे के ऊपरी पुलों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) उनके निर्माण में पिछले तीन वर्षों में कितनी धनराशि खर्च की गयी है; और

(ग) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में रेलवे के कुछ और नए ऊपरी पुलों का निर्माण कार्य हाथ में लेने का विचार रखती है, और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है।

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महावीर प्रसाद : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में बामनहेरी, खानआत-मपुरा, सोमना-कलुवा, अलीगढ़ तथा गाजियाबाद में 5 ऊपरी सड़क पुलों का निर्माण किया गया था।